# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, धौलपुर

पीठासीन अधिकारी :— हरि राम मीना, आर.ए.एस.

अपील संख्याः— 41 / 2025 (75 एल.आर.एक्ट.)

उनवान

1.ताराचन्द पुत्र फूलसिंह आयु करीव 45 साल जाति कुशवाह निवासी ग्राम भिलगवां तहसील धौलपुर

...........................अपीलार्थी

बनाम

2. सरकार जरिए तहसीलदार तहसील धौलपुर।

...........................रेस्पोडेन्ट

उपस्थितः—

1. श्री देवीसिंह अभिभाषक अपीलार्थी।
2. राजकीय पेरोकार रेस्पोडेन्ट की ओर से।

::: निर्णय :::

दिनांकः— 04.06.2025

न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर धौलपुर (राज0)

यह अपील न्यायालय तहसीलदार धौलपुर के मुकदमा नं0 221 / 2024 वउनवानी सरकार बनाम ताराचन्द निर्णय दिनांक 05.02.2025 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है।

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि हल्का पटवारी पटवार हल्का बसईसामन्ता द्वारा दिनांक 16.12.2024 को तहसीलदार धौलपुर को इस आशय की रिपोर्ट पेश की गई कि ताराचन्द पुत्र फूलसिंह कौम कुशवाह सा.देह द्वारा राजस्व ग्राम भिलगंवा में संवत् 2081 खसरा नं0 404 रकबा 6 बीघा 18 विस्वा गै0मु0 नाला पर नाजायज कब्जा कर रकवा 10 विस्वा जिन्स गेहूं कर सिवायचक पर पश्चातवर्त्ती अनाधिकृत कब्जा काश्त किया है, कानूनी कार्यवाही की जावें । न्यायालय तहसीलदार नें गैरसायल के विरूद्ध एल.आर.एक्ट 1956 की धारा 91 में मु0नं0 221 / 2024 उनवान सरकार बनाम ताराचन्द दर्ज किया जाकर, वर्णित धारा 91(2) के तहत 60 दिवस के सिविल कारावास एवं लगान 0.50 का पचास गुना 25 रूपये शास्ति के दण्डित किया जाकर बेदखली के आदेश पारित किए गए । इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है ।

अपील में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार धौलपुर ने आराजी खसरा नम्बर 404 गै0मु0 नाला ग्राम भिलगंवा के 10 विस्वा भूमि पर सम्वत् 2081 रवी की फसल जोत बोकर पश्चात्वर्त्ती अतिक्रमी बताकर एक पक्षीय रूप से अपीलांट को बिना सुनवाई का अवसर दिये अपीलांट को 60 दिवस का सिविल कारावास एवं 25 रूपये शास्ति से दण्डित किया है ।



Scanned with OKEN Scanner

